# प्रीलिम्स फैक्ट्स 11 सितंबर, 2018

## तेलंगाना के दो सिंचाई केंद्रों को मिला सिंचाई विरासत का दर्ज़ा

हाल ही में तेलंगाना स्थित दो सिंचाई परियोजनाओं को अंतर्राष्ट्रीय सिंचाई एवं नहर आयोग (International Commission on Irrigation and Drainage-ICID) के तहत 'विरासत सिंचाई परियोजनाओं' (Heritage Irrigation Structures) के रूप में पंजीकृत किया गया है।

- यह फैसला अंतर्राष्ट्रीय सिंचाई एवं नहर आयोग के शीर्ष निकाय इंटरनेशनल एक्जीक्यूटिव काउंसिल द्वारा सस्काटून (कनाडा) में आयोजित बैठक के दौरान लिया गया।
- 'विरासत सिंचाई परियोजना' का दर्जा प्राप्त करने वाले दो बांध हैं- सदरमट्ट एनिकट (Sadarmatt Anicut) तथा पेड्डा चेरुवु।

## सदरमट्ट एनिकट

- यह तेलंगाना के निर्मल ज़िले में गोदावरी नदी पर निर्मित है।
- इस बांध का निर्माण नवाब विकार उल उमरा बहादुर ने करवाया था।
- अपने निर्माण के समय से ही यह बांध खानपुर तथा कादेम में 13,100 एकड़ के क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान करता है।

## पेड्डा चेरूवु

- यह तेलंगाना के कमारेड्डी ज़िले में स्थित है।
- इसका निर्माण 1897 में हैदराबाद राज्य के छठे निजाम मीर महबूब अली खान के शासनकाल के दौरान किया गया था।
- यह 618 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय सिंचाई एवं नहर आयोग

- अंतर्राष्ट्रीय सिंचाई एवं नहर आयोग की स्थापना वर्ष 1950 में हुई थी।
- यह एक प्रमुख वैज्ञानिक, तकनीकी, अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी संगठन है।
- ICID सिंचाई, जल निकासी और बाढ़ प्रबंधन के क्षेत्र में दुनिया भर के पेशेवर विशेषज्ञों का एक नेटवर्क है।

## तेजस

विंग्स की चौड़ाई: 8.20 मीटर

लंबाई: 13.20 मीटर

ऊँचाई: 4.40 मीटर

वजन: 6560 किग्रा.

गति: 2376 किमी./घंटा

रेंज: 3000 किमी.

विमान का ढाँचा कार्बन फाइबर, एल्युमीनियम अलॉय और टाईटेनियम से मिलकर बना है।

हवा से हवा में तथा हवा से सतह पर मिसाइल दागने में सक्षम।

हाल ही में भारतीय वायुसेना (IAF) के तेजस एमके-1 के लिये हवा में ईंधन (तरल ईंधन) भरने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षण से पहले शुष्क ईंधन परीक्षण का कार्य 04 और 06 सितंबर, 2018 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया था।

- हवा में ईंधन भरने की इस सफलता से IAF के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) की क्षमता में कई गुना वृद्धि होगी। इससे हवा में लंबे समय तक विमान का परिचालन किया जा सकेगा।
- यह एक 'स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान' (Indigenous Light Combat Aircraft) है, जिसे 'वैमानिकी विकास एजेंसी' (Aeronautical Development Agency - ADA) तथा 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (Hindustan Aeronautics Limited - HAL) के द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग के अधीन कार्यरत 'ए.डी.ए.', एल.सी.ए. के डिज़ाइन तथा विकास के लिये एक नोडल एजेंसी है। जबकि HAL, DRDO और CSIR प्रयोगशालाओं, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों तथा शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के साथ एलसीए कार्यक्रम का प्रमुख भागीदार है।
- यह सबसे छोटे-हल्के वज़न का एकल इंजन युक्त 'बहु-भूमिका निभाने वाला एक सामरिक लड़ाकू विमान' (Multirole tactical fighter aircraft) है।
- गौरतलब है कि इसे रूस के Mig-21 लड़ाकू विमानों पर अपनी निर्भरता को कम करने तथा स्वदेशी युद्धास्त्रों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की ओर बढ़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## नोमैडिक एलीफैंट-2018

10 सितंबर, 2018 को भारत और मंगोलिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफैंट-2018, मंगोलियाई सशस्त्र बलों (MAF) के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया, उलानबाटार में शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि यह संयुक्त अभ्यास 12 दिनों तक चलेगा।

- नोमैडिक एलीफैंट एक वार्षिक, द्विपक्षीय अभ्यास है जिसका आयोजन भारतीय सेना और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच साझेदारी को मज़बूत करने के उद्देश्य से वर्ष 2006 से किया जा रहा है।
- इससे पूर्व वर्ष 2017 में इस अभ्यास का आयोजन भारतीय सेना के पूर्वी कमान वैरेंगते, मिज़ोरम में किया गया था।
- इस अभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व 17 पंजाब रेजिमेंट के एक दल द्वारा किया जा रहा है, जबकि मंगोलियाई सेना का प्रतिनिधित्व मंगोलियाई सशस्त्र बलों की यूनिट 084 द्वारा किया जा रहा है।

## यूएस ओपन 2018

यूएस ओपन का आयोजन 27 अगस्त से 09 सितंबर, 2018 तक किया गया। उल्लेखनीय है कि यूएस ओपन विश्व के चार ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में से एक है।

यूएस ओपन के अलावा अन्य तीन ग्रैंडस्लैम हैं:

- विंबलडन
- फ्रेंच ओपन
- ऑस्ट्रेलियन ओपन

यूएस ओपन 2018 के विजिताओं की सूची

| स्पर्द्धा वर्ग | विजिता | उपविजिता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | नोवाक जोकोविच (सर्बिया)<br><br>(14वाँ ग्रैंडस्लैम) | जुआन मार्टिन डेल पोट्रो (अर्जेंटीना) |
| महिला एकल | नाओमी ओसाका (जापान)<br><br>(पहला ग्रैंडस्लैम) | सेरेना विलियम्स (USA) |
| पुरुष युगल | माइक ब्रायन व जैक सोक (USA) | मार्सेलो मेलो (ब्राज़ील) व लुकास कुबोट (पोलैंड) |
| महिला युगल | एश्ली बार्टी (ऑस्ट्रेलिया) व कोको वैंडेवेघे (USA) | टिमी बैबोस (हंगरी) व क्रिस्टिना म्लादेनोविच (फ्राँस) |
| मिश्रित युगल | बेथानी माटेक सैंड्स (USA) व जैमी मरे (ग्रेट ब्रिटेन) | एलिक्ज़ा रोसोल्सका (पोलैंड) व निकोला मेक्टिक (क्रोएशिया) |

# बिम्सटेक मिलेक्स-2018

बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन) के सदस्य देशों के बीच एक सैन्य अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है।

- इस अभ्यास को मिलेक्स-18 (MILEX-18) नाम दिया गया है।
- यह अभ्यास पुणे स्थित औंध मिलिट्री स्टेशन पर (10-16 सितंबर, 2018) आयोजित किया जा रहा है।
- इसका उद्देश्य क्षेत्र में आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिये परियोजना तैयार करना तथा परियोजनाओं को लागू करने में सदस्य देशों का सहयोग करना है।
- इस अभ्यास में नेपाल को छोड़कर अन्य सभी देशों के सैनिक भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले नेपाल भी इस अभ्यास में भाग लेने के लिये तैयार था लेकिन बाद उसने इस अभ्यास में भाग लेने से इनकार कर दिया।
- बिम्सटेक की स्थापना वर्ष 1997 में की गई थी।
- इसके सात सदस्य देश हैं- बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्याँमार, नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका।
- उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक के इन सात सदस्य देशों में विश्व की 22% जनसंख्या निवास करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-11-september-2018